**दिनांक : 01.08.2024** **समय : 07.10 pm**

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में आभार उपहार कार्यक्रम की शुरूआत, लाड़ली बहना योजना में 10 अगस्त को 1500 रूपये की मिलेगी सौगात।
- सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षण का लाभ देने के लिए एससी–एसटी के उपवर्गीकरण करने की राज्यों की शक्ति को रखा बरकरार।
- उपभोक्ता मामले विभाग ने मूल्य निगरानी के लिए 16 अतिरिक्त वस्तुओं को किया शामिल।
- प्रदेष में अब तक 51 प्रतिषत से अधिक हुई बारिष, अगले चार दिन कई जिलों में तेज बारिष के आसार।

## आभार उपहार

प्रदेश आज से 17 अगस्त तक  लाड़ली बहना हितग्राहियों का आभार उपहार कार्यक्रम की शुरुआत सतना के चित्रकूट से हुई। प्रदेश स्तरीय आभार सह-उपहार कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर सभी को बधाई व शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री  ने यहां मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। **एक अन्य कार्यक्रम में सिंगरौली जिले के चितरंगी में मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों से राखी बंधवाई । इस अवसर पर पंचायत और ग्रामीण विकास विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधासिंह और अन्य जनप्रतिनिध मौजूद थे। सतना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बताया कि 10 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में एकसाथ 1500 रूपये अंतरित किये जायेंगे।**

## सर्वोच्च न्यायालय- एस सी/एस टी आरक्षण

एक ऐतिहासिक फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने आज आरक्षण का लाभ देने के लिए अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति - एससी/एसटी के आरक्षित श्रेणी समूहों को उनके पिछड़ेपन के आधार पर अलग-अलग समूहों में उप-वर्गीकृत करने की राज्यों की शक्ति को बरकरार रखा है। न्यायाधीश बी आर गवई, विक्रम नाथ, बेला एम त्रिवेदी, पंकज मिथल, मनोज मिश्रा और सतीश चन्द्र शर्मा के साथ भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व में सर्वोच्च न्यायालय में सात न्यायाधीशों की एक पीठ ने 2004 के ईवी चिन्नैया के फैसले को छह के मुकाबले एक फैसले से खारिज कर दिया। इस

फैसले से न्यायाधीश बेला त्रिवेदी ने असहमति दिखाई। 2004 के फैसले में कहा गया था कि एससी/एसटी का उप-वर्गीकरण अनुच्छेद 341 के विपरीत है, जो राष्ट्रपति को एससी/एसटी की सूची तैयार करने की अनुमति देता है।

**वस्तु-मूल्य निगरानी**

उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा आज से मूल्य निगरानी के तहत 16 अतिरिक्त वस्तुएं शामिल की गईं। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने आज मूल्य निगरानी प्रणाली-पीएमएस मोबाइल ऐप के 4.0 संस्करण का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। विभाग द्वारा पहले से ही बाईस वस्तुओं की दैनिक कीमतों की निगरानी की जा रही थी। दैनिक मूल्य निगरानी के तहत खाद्य पदार्थों के कवरेज में वृद्धि खाद्य पदार्थों में मूल्य अस्थिरता को स्थिर करने और समग्र मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए नीतिगत हस्तक्षेप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

अग्निवीर भर्ती रैली

भोपाल के मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम में 22 अगस्त से 30 अगस्त तक अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। सेना भर्ती कार्यालय भोपाल ने बताया कि, 15 जिलों भोपाल, अशोकनगर, बैतूल, छिंदवाड़ा, दमोह, गुना, हरदा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, पन्ना, पांढुर्ना, रायसेन, राजगढ़, सीहोर और विदिशा के पुरूष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटीए अग्निवीर तकनीकीए अग्निवीर ऑफिस सहायक एवं अग्निवीर ट्रेड्समैन रैली का आयोजन किया जाएगा। साथ ही मध्यप्रदेश एवं छतीसगढ़ के सभी जिलों के लिए सिपाही फार्मा, सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायक और धर्मगुरू की भी सेना भर्ती रैली का आयोजन साथ में किया जाएगा। सेना द्वारा अप्रैल, मई 2024 में ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा सीईई का आयोजन किया गया था। ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले

सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र उनकी ई-मेल पर भेज दिया गया है।

राजस्व अभियान

प्रदेश में 31 अगस्त तक राजस्व महाअभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नीमच जिले में 18 जुलाई से जारी के तहत किसानों की शतप्रशित ई-केवायसी और खसरा लिंकिंग करने का लक्ष्य रखा गया है। ई-केवायसी और खसरा लिंकिंग एमपी ऑनईन, सीएसके के समस्त कियोस्क और समग्र वेब पोर्टल से किए जा रहे हैं। किसानों के लिए ई-केवायसी और खसरा लिंकिंग की सुविधा नि:शुल्क उपलब्ध रहेगी। ई-केवायसी और खसरा लिंकिंग के लिए निर्धारित राशि (रूपये 18) संबंधित एमपी ऑनलाईन, सीएसके कियोस्क को राजस्व विभाग व्दारा MPSEDC के माध्यम से प्रदान की जायेगी।

**लोकसभा रेलवे**

सरकार ने कहा है कि वह देश में रेल दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और यू पी ए शासन की तुलना में दुर्घटनाओं में 68 प्रतिशत की कमी आई है। आज लोकसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा के जवाब में कहा कि इस साल के बजट में सुरक्षा उपायों के लिए एक लाख 8 हजार करोड रूपये से अधिक का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि देश के पास स्वचालित रेल सुरक्षा प्रणाली कवच को व्यापक पैमाने पर लगाने के लिए पर्याप्त मानव संसाधन और क्षमताएं हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि 10 हजार अतिरिक्त जनरल कोच तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने 50 और अमृत भारत ट्रेनों के निर्माण का फैसला किया है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि छोटी दूरी की यात्रा की सुविधा के लिए जल्द ही वंदे मेट्रो शुरू की जाएगी। साथ ही 10 वर्षों

में 44 हजार किलोमीटर रेलवे लाइनों का विद्युतीकरण किया गया है।

रेलवे में भर्तियों के बारे में श्री वैष्णव ने बताया कि 2014 के बाद से पांच लाख से अधिक भर्तियां की गई हैं, जबकि यूपीए शासन के दौरान चार लाख 11 हजार भर्तियां की गई थी। उन्होंने कहा कि इस साल से रेलवे भर्ती के लिए एक वार्षिक कैलेंडर भी शुरू किया गया है।

भेल नवीनीकरण

बीएचईएल स्थित 1420 दुकानों की नवीनकरण की कार्यवाही जल्द शुरू होगी। इस संबंध में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने केन्द्रीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी से नई दिल्ली में मुलाकात की है। दुकानदारों द्वारा नवीनकरण के संबंध में लांयसेंस फीस निर्धारण और नामांतरण की राशि के दिये गये प्रस्ताव अनुसार कार्यवाही के लिये श्री कुमारस्वामी ने आश्वासन दिया है। राज्यमंत्री ने बीएचईएल व्यवसाइयों, दुकानदारों एवं ठेका श्रमिकों की समस्याओं से संबंधित मांग पत्र सौपा है। श्रीमती गौर ने बीएचईएल के 15 मार्केट के 1422 व्यापरियों के द्वारा बीएचईएल और व्यापरियों के मध्य अनुबंध के संबंध आ रही समस्या से अवगत कराया। इस संबंध में भारी उद्योग मंत्री श्री कुमारस्वामी ने समस्या के तुरंत निराकरण के लिये अधिकारियों को निर्देश दिये।

मौसम

प्रदेश में जुलाई माह में मानसून खूब बरसा है। इस सीजन की 51 प्रतिशत यानी 18.9 इंच बारिश हो चुकी है। अब अगस्त में भी ऐसी ही बारिश की संभावना है। आज प्रदेश में स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होकर अगले 4 दिन तक बना रहेगा। आज भोपाल, सागर, जबलपुर, नर्मदापुरम, ग्वालियर और चंबल संभाग के 19 जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। हालांकि कल

**भोपाल, नर्मदापुरम, रायसेन, सिवनी समेत 13 जिलों में बारिश हुई। अगस्त के पहले ही दिन आज राजधानी भोपाल में रुक-रुककर कभी तेज तो कभी हल्की बारिश हो रही है। इससे पूरा शहर तरबतर हो गया है। भोपाल में इस मानसूनी सीजन में अब तक 25 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है, जो 70 प्रतिशत से अधिक है।**

## समाचार संक्षेप

- गुना जिले के मलेरिया प्रभावित गांव में मलेरिया से बचाव की होम्योपैथिक दवा मलेरिया ऑफ 200 का वितरण दो चरणों में किया जायेगा। आज इस कार्यक्रम के प्रथम चरण के अंतिम डोज में कुल 6161 लोगों को होमियोपैथिक दवा मलेरिया ऑफ 200 दवा का वितरण किया गया।
- नीमच जिला परिवहन अधिकारी व्दारा बाढ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आर.टी.ओ. ने जिले के सभी यात्री बस संचालकों को निर्देश दिए कि पुल, नदी एवं नालों के उफान पर होने पर वाहन का संचालन नहीं करे।
- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास द्वारा आज पॉक्सो एक्ट के विषय पर कार्यशाला तथा नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में पंचम जिला न्यायाधीश देवास अभिषेक गौड़ ने पॉक्सो एक्ट के दण्डित प्रावधानों के बारे में बताया।

## मुख्य समाचार

- प्रदेश में आभार उपहार कार्यक्रम की शुरूआत, लाड़ली बहना योजना में 10 अगस्त को 1500 रूपये की मिलेगी सौगात।
- सर्वोच्च न्यायालय ने आरक्षण का लाभ देने के लिए एससी–एसटी के उपवर्गीकरण करने की राज्यों की शक्ति को रखा बरकरार।
- उपभोक्ता मामले विभाग ने मूल्य निगरानी के लिए 16 अतिरिक्त वस्तुओं को किया शामिल।
- प्रदेष में अब तक 51 प्रतिषत से अधिक हुई बारिष, अगले चार दिन कई जिलों में तेज बारिष के आसार।

--------------------